संक्षिप्त

जिले में वाटरशेड महोत्सव का ग्राम पंचायत नाराणी में आयोजन

प्रतापगढ़(निसं)। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 (जलग्रहण विकास घटक) अन्तर्गत जलग्रहण परियोजना क्षेत्रों में वर्षा जलसंरक्षण के प्रति जनजागृति विकसित करने एवं जनसमुदाय को सृजित परिसम्पतियों से जोड़ने के उद्देश्य से वाटरशेड महोत्सव शुभारंभ जिलें की पंचायत समिति छोटीसादड़ी की ग्राम पंचायत नाराणी मे हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी महावीर सिंह कृष्णावत तथा अध्यक्षता विक्रम कुमावत ने की। महावीर सिंह कृष्णावत ने विभाग द्वारा करवाये गये कार्यों की सराहना की,साथ ही करवाये गये कार्यों के रख-रखाव, इनका सही रुप से उपयोग एवं जंगलों को बचाने हेतु आमजन को संदेश दिया। समाजसेवी श्यामसुन्दर अग्रवाल ने जल की महत्ता को समझाते हुए जल संचय हेतु आमजन को प्रेरित किया। मनोज कुमार अधीक्षण अभियंता एवं परियोजना प्रबन्धक, जलग्रहण विभाग द्वारा योजनान्तर्गत करवाये गये कार्यो की विस्तृत जानकारी दी गई।

श्री रणछोड़ जी के भंडार से 36216 रुपये निकले

कपासन(निसं)। क्षेत्र के धमाना गांव में स्थित रणछोड़राय मंदिर में पूर्णिमा के अवसर पर गुरुवार को भंडार खोला गया। भंडार से 36 हजार 216 रुपये निकले। कोषाध्यक्ष गिरिराज हेड़ा ने बताया कि मंदिर में रामस्वरुप हेड़ा, धमाना सरपंच विष्णु हेड़ा, मनोज हेड़ा व मनीष हेड़ा की तरफ से मंदिर पर सीसी टीवी कैमरे लगवाए गए। उप सरपंच व मंदिर मंडल अध्यक्ष भगवानलाल जोशी ने बताया कि भंडार खोलने के बाद ठाकुर जी विवाह में हुए खर्च का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। अंबा लाल सुखवाल, गहरी लाल जाट, भेरू लाल लोहार, उदयराम जाट, देवकिशन सुथार, जगदीश जाट, रामपाल हेड़ा, भैरू शंकर गौड़, पूजारी प्रह्लाद पाराशर, मुकेश पाराशर आदि मौजूद रहे।

बेटे के जन्मदिन पर कराया गौ ग्रास

बांसवाड़ा(निसं)। सामाजिक कार्यकर्ता राजेश भावसार ने अपने पुत्र नींव डीआर आर्किटेक्ट के डायरेक्टर हैमांश भावसार के जन्मदिन पर गौग्रास करवाते हुए गौ माता की पूजा आरती की। गौशाला अध्यक्ष पं भुवन पंड्या ने बताया कि इस दौरान भावसार परिवार ने गौशाला का भ्रमण करते हुए व्यवस्थाओं को सराहा।

वाटरशेड महोत्सव 5 दिसम्बर को बोरी में

प्रतापगढ़(निसं)। ब्लॉक स्तरीय वाटरशेड महोत्सव 5 दिसम्बर को ब्लॉक प्रतापगढ़ के ग्राम पंचायत बोरी में आयोजित किया जावेगा। केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार पूरे देश में 4 नवम्बर से 16 दिसम्बर तक वाटरशेड महोत्सव एवं मिशन वाटरशेड पुनरूत्थान अभियान का आयोजन किया जा रहा है। ब्लॉक प्रतापगढ़ में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 अन्तर्गत कुल 11 पंचायतों में संचालित है। नोडल अधिकारी सोशल मीडिया राहुल बंजारा कनिष्ठ अभियंता ने बताया कि 5 दिसम्बर को ब्लॉक स्तरीय वाटरशेड महोत्सव के तहत कार्यशाला राजस्व मंत्री हेमन्त मीणा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की जावेगी। इस कार्यक्रम में राजीविका प्रतापगढ़ के माध्यम से रंगोली एवं प्रभात फेरी करवाई जायेगी।

सदर थाना पुलिस ने 27 लाख से अधिक की शराब जब्त की

■ त्रिपाल व गद्दे की रूई की आड़ में कर रहे थे तस्करी

बांसवाड़ा(निसं)। सदर थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुए त्रिपाल व गद्दे की रूई की आड़ में दो अलग-अलग डंपर में लगभग 27 लाख 25 हजार 560 रूपये की 480 कार्टुन राजस्थान निर्मित अवैध अंठोजी शराब एवं शराब तस्करी में प्रयुक्त बिना नंबरी दो डंपर जब्त कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस महानिरीक्षक उदयपुर रेंज के निर्देशानुसार अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी पर रोकथाम के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरपत सिंह भाटी के सुपरविजन व पुलिस उप अधीक्षक गोपीचंद मीणा को निकट पर्यवेक्षण में सदर थानाधिकारी बुद्धाराम के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्यवाही की। थानाधिकारी बुद्धाराम ने बताया कि 3 दिसम्बर को सायं 6 बजे पुलिस नियंत्रण कक्ष से सूचना मिली कि दो संदिग्ध डम्पर तेजपुर की तरफ से आ रहे है। जिस पर सदर थाने के आईसी प्रभारी उपनिरीक्षक रामलाल मय जाप्ते सहायक उपनिरीक्षक महेन्द्र कुमार, हैड कांस्टेबल सतपाल, कांतिलाल, नानुलाल व गजेन्द्र सिंह, कांस्टेबल निलेश, अंकित, चालक कांस्टेबल लोकेन्द्र सिंह थाने से रवाना हुए एवं घीवापाड़ा मोड़ पर पहुंचकर बोरवट की तरफ से आने वाले वाहनों को चैक करना शुरू किया।

इस दौरान बोरवट की तरफ से एक डंपर आता नजर आया जिसे उपनिरीक्षक रामलाल मय जाप्ते ने हाथ का इशारा कर रूकवाया और रोड़ किनारे खड़ा कराया। डंपर रोकते ही उसमें से दो व्यक्ति उतर कर भागने की कोशिश करने लगे जिस पर पुलिस जाप्ते ने दोनों को मौके पर ही पकड़ लिया एवं भागने का कारण पूछा तो वे कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाये।

नाम-पता पूछने पर ड्राइवर ने अपना नाम सुरेन्द्र सिंह पुत्र अर्जुन सिंह सोलंकी निवासी उपली आढन नाथद्वारा तथा दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम विक्रम पुत्र रसूल डिंडोर निवासी सुंडिया पुलिस थाना रंधीरपुर लिमखेड़ा जिला दाहोद का होना बताया। दोनों के संतुष्ट जवाब नहीं होने तथा पीसीआर से प्राप्त सूचनानुसार डंपर में अवैध शराब भरी होने की शंका के निवारण के लिये जब डंपर की तलाशी ली तो उसमें अंठोजी शराब भरी होना पाया गया। नेशनल हाईवे होने से जब्ती की कार्यवाही के लिये उचित स्थान नहीं होने से डंपर मय डिटेनशुदा आरोपी को थाने पर लाये व डंपर को चैक किया तो पीले व सफेद रंग मेट्रेस नजर आयी जिनको हटाकर चैक किया तो अंदर विभिन्न ब्रांड की अंठोजी शराब व बीयर के कार्टुन नजर आये।

पुलिस जाप्ते की सहायता से अंग्रेजी शराब के कार्टुन को नीचे उतारकर गिनती की गयी तो किंग फियर बीयर टीन की पेटी के 85 कर्टन, रॉयल स्टेज बोतल के 13, रॉयल स्टेज पव्वा के 114, एमसीडी रम बोतल के 3, एमसीडी रम पव्वा के 6, ब्लेण्डर प्राईड बोतल के 3, ब्लेण्डर प्राईड पव्वा के 5 व मेजिक मुमेन्ट पव्वा के 9 कर्टन पाये गये एवं सभी बीयर के कर्टन फॉर सेल इन राजस्थान के थे। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों से उक्त शराब कहां से भरी तथा कहां ले जा रहे थे इस संबंध में अनुसंधान एवं पूछताछ जारी है।

लावारिस पड़े डम्पर में भी मिली शराब

थानाधिकारी ने बताया कि इसी तरह पुनः पुलिस नियंत्रण कक्ष से सूचना मिलने पर एएसआई रमेशचन्द्र मय जाप्ते के थाने से रवाना हुए एवं प्राप्त सूचनानुसार डम्पर की तलाश करते हुए कृष्णा होटल के आस-पास सिद्धि हरि पेट्रोल पंप पर पहुंचे जहां बताये हुए हुलिये का डंपर खड़ा दिखई दिया। जिस पर डंपर के पास जाकर देखा तो केबिन के दोनो फाटक बंद पाये गये। आस-पास तलाश करने पर कोई नहीं मिला। सूचनानुसार डम्पर में अवैध शराब भरी होने की सूचना होने से डम्पर के ऊपर से चैक कराया तो उसमें अंठोजी शराब भरी होना पायी गयी। डम्पर फाटक लॉक होने से वीडियोठाफी कर डम्पर के केबिन का एक कॉच निकालकर स्थानीय ड्राईवर की मदद से जाप्ते की निगरानी में उक्त डंपर को थाना परिसर में खड़ा गया। एएसआई रमेशचन्द्र ने नियमानुसार डम्पर चैक किया तो अंदर आसमानी कलर का फटा हुआ त्रिपाल ढका हुआ था जिसे हटाकर चैक करने पर अंदर विभिन्न ब्राण्ड की अंठोजी शराब एवं बीयर के कर्टन नजर आये। जाप्ते की सहायता से कर्टनों को नीचे उतारकर गिनती की गयी तो किंगफिशर बीयर टीन की पेटी के 68, रॉयल स्टे पव्वन के 10, रॉयल स्टेज बोल के 2, मेकडॉल रम पव्वा के 10, सिपर ग्लोबल ठाीन पव्वा के 151 कर्टन पाये गये एवं सभी बीयर के कर्टन फॉर सेल इन राजस्थान के थे। पुलिस फरार अभियुक्त की तलाश कर अठाीम अनुसंधान करेगी। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक रामलाल, सहायक उपनिरीक्षक महेन्द्र कुमार व रमेशचन्द्र, हैड कांस्टेबल नानुलाल, सतपाल, गजेन्द्र सिंह, अनिल व कांतिलाल, कांस्टेबल निलेश, अंकित, पंकज व लोकेन्द्र सिंह शामिल रहे। पुलिस नियंत्रण कक्ष पर मिली सूचना को ड्यूटी ऑफिसर हैड कांस्टेबल छत्रपाल सिंह व ऑपरेटर महिला कांस्टेबल सपना ने त्वरित सर्तकता के साथ सूचना से उच्चाधिकारियों एवं संबंधित थाने पर रिपोर्ट कर बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया।

संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु मिलने पर दें तत्काल सूचना

पुलिस ने आमजन से अपने आस-पास किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, सुरक्षा से संबंधित समस्या, किसी संदिग्ध व्यक्ति, संदिग्ध वस्तु अथवा संदिग्ध घटना की विश्वसनीय प्रमाणित जानकारी प्राप्त होने या अपराध एवं अपराधियों से संबंधित जानकारी संज्ञान में आने पर पुलिस को सूचना देने की अपील करते हुए बताया कि पुलिस नियंत्रण कक्ष के व्हाट्सएप हेल्पलाईन नंबर 9530439780 पर भी सूचना दे सकते है। सूचना देने वाले की जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जायेगी एवं व्यक्ति का नाम व मोबाइल नंबर किसी भी स्तर पर सार्वजनिक नहीं किया जायेगा। प्राप्त सूचना का पुलिस द्वारा गंभीरता से संज्ञान लेते हुए आवश्यक एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

सार-समाचार

सांसद व विधायक बोले- नाम बदल महापुरुष का किया अपमान

राजसमंद(निसं)। शहर की सड़क का नाम राणा राजसिंह से बदलकर आचार्य महाश्रमण अहिंसा मार्ग करने का मामला सामने आने के बाद सांसद महिमा कुमारी व नाथद्वारा विधायक विश्वराजसिंह मेवाड़ ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। सांसद व विधायक बोले कि राणा राजसिंह को राजसमंद को बसाने वाले थे, उनके नाम पर दर्ज सड़क का नाम बदलना महापुरुष का अपमान है। इस तरह की घिनौनी हरकत के लिए आखिर कौन जिम्मेदार है। नगरपरिषद व जिला प्रशासन को इस पूरे प्रकरण को देखना चाहिए और भविष्य में इस तरह की स्थिति न बनें व दो समाज में टकराव के हालात न बनें। क्षित्रय राजपूत महासभा के महेंद्रसिंह चौहान ने बताया कि राजसमंद शहर के टीवीएस चौराहे से पेयजल टंकी तक के रोड का राणा राजसिंह मार्ग के रूप में 10 अक्टूबर 2005 को तत्कालीन गृहमंत्री गुलाबचंद कटारिया की मौजूदगी में लोकार्पण किया गया था। अब बीस साल बाद उसी मार्ग का नाम 30 नवंबर 2015 को आचार्य महाश्रमण अहिंसा मार्ग क्यों किया। इससे महान राजा भी अपमानित हुए, तो महान संत की भी बदनामी हुई और दो समाज में टकराव के हालात उत्पन्न क्यों किए। इसी का जवाब जानने नगरपरिषद आए हैं। ऐसे दोषी अफसर हो या कार्मिक, उनके खिलाफ कार्रवाई तो होनी ही चाहिए। ऐसे हालात सर्वसमाज बर्दाश्त नहीं करेगा।

शिल्पग्राम पर निःशुल्क फोटो प्रतियोगिता के लिए आज अंतिम दिवस

उदयपुर(निसं)। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर की ओर से शिल्पग्राम एवं शिल्पग्राम उत्सव पर आधारित निःशुल्क फोटो प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु अंतिम दिवस शुक्रवार, 5 दिसंबर 2025 रात तक प्रविष्ठियां सबमिट कर सकते है। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य शिल्पग्राम की कलात्मकता, लोक-सांस्कृतिक परिवेश और उत्सव की जीवंतता को व्यापक मंच देना है। इसमें प्रतिभागी शिल्पग्राम या उत्सव से जुड़ी नई-पुरानी तस्वीरें भेज सकेंगे। प्रतियोगिता के तहत 18 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी प्रतिभागी मोबाइल, डीएसएलआर या ड्रोन कैमरे से ली गई अधिकतम 5 एमबी आकार की दो रंगीन या ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीरें निर्धारित गूगल फॉर्म के माध्यम से 5 दिसम्बर रात्रि 12 बजे तकः//./लिंक से भेज सकते हैं। यह लिंक शिल्पग्राम तथा केन्द्र के सोशल मीडिया पेजों पर भी उपलब्ध है। इसके अलावा प्रविष्टियां गणगौर घाट स्थित बागोर की हवेली कार्यालय समयावधि में (10 से 5 बजे तक) ऑफ लाइन भी जमा करा सकते हैं।

अवैध रेती रुकवाने गए बजरी माफिया ने किया गांववासियों पर हमला

राजसमंद(निसं) । ग्राम पंचायत पीपली अहिरान के गांव प्रेमपुरा में निजी खातेदारी जमीन से विगत एक माह से अवेध रेती दोहन किया जा रहा है जिस पर ग्रामीणों ने माइनिंग और पुलिस प्रशासन को अवगत कराने पर भी कार्यवाही नहीं होने पर आज ग्राम वासियों ने पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर रेती खनन स्थल पर पहुंचे तो एक जेसीबी रेती का डंपर भर रहा था तब वहा मौजूद जेसीबी ड्राईवर जेसीबी छोड़ भाग गया और मोही निवासी खनन माफिया डंपर लेकर भाग गया। कुछ देर बाद 15-20 लोग आए और ग्रामीणों पर हमला कर दिया । पुलिस थाना कुंवारियां मे जमीन मालिक सुरेश चंद्र सुथार ने मामला दर्ज करवाकर उचित कार्यवाही हेतु रिपोर्ट दी और कहा की डंपर को भी जब्त करे, और मुजरिमों के खिलाफ कार्यवाही कर गिरफ्तार करे और उनके साथियों द्वारा जान से मारने की धमकी दी जा रही है जिस पर सुरक्षा की व्यवस्था करे और अवेध खनन रोकने के साथ कठोर कार्यवाही की मांग करते हुए जिला कलक्टर, ज़िला पुलिस अधीक्षक, सांसद व विधायक को ज्ञापन देकर उचित कार्यवाही की सैकड़ों ग्रामीणों ने मांग की।

योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने में युवा निभाएं भागीदारी : स्वर्णकार

■ केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर से हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

बांसवाड़ा(निसं)। केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा अंतिम पंक्ति में रहने वाले व्यक्ति को मुख्यधारा में लाने के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है लेकिन आज भी इस जनजाति क्षेत्र में शिक्षा के अभाव में जानकारी नही होने के कारण उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। उक्त उद्गार जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोपाल लाल स्वर्णकार ने भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो डूंगरपुर की ओर से वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पर श्री गुरु गोविंद राजकीय महाविद्यालय सभागार में आयोजित तीन दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी के दूसरे दिन प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा गरीबों के उत्थान के लिए मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ भारत मिशन जैसी योजना चलाई जा रही है।योजनाओ के साथ-साथ आम आदमी को स्वरोजगार जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ लेना चाहिए। उन्होंने युवाओं से अपील की वह योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी भागीदारी निभाकर लाभ दिलाने मे सहयोग करे।

प्रदर्शनी के दूसरे तकनीकी सत्र में कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक दलीप सिंह ने कहा कि कृषि विभाग द्वारा कृषि शिक्षा को बढावा देने के लिए वित्तीय वर्ष मे जिले में ग्यारहवीं से बारहवीं तथा बीएससी एठीकल्चर एवं पीएचडी में एक हजार उन्चास बालिकाओ का पंजीकरण कर उन्हें एक करोड सतावन लाख की राशि प्रोत्साहन के रूप में दी है। उन्होंने तारबंदी, फार्म पौण्ड योजना के बारे में भी जानकारी देकर युवाओं से लाभ उठाने की अपील की। उद्यानिकी विभाग के सहायक कृषि अधिकारी हरीश सोलंकी ने राष्ट्रीय बागवानी मिशन एवं पोली हाउस के बारे में बताया।

तीसरे तकनीकी सत्र में सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक नानू लाल रोत ने कहा कि उनके विभाग द्वारा समाज के कमजोर और जरूरतमंद लोगों के लिए कई तरह की कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं जिनका उद्देश्य समाज के वंचित तबकों को विकास की मुख्यधारा में शामिल करना है। उन्होंने कहा कि सामाजिक अधिकारिता विभाग की ओर से चलाई जा रही योजनाएं गरीब एवं वंचित वर्ग के लिए सहारा बन रही है जिससे लोगों के जीवन स्तर में क्रांतिकारी परिवर्तन आ रहे हैं।

उन्होंने जनसमूह को विभाग द्वारा संचालित पालनहार, मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग, छात्रावास, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री कन्यादान व मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह योजना के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर राजकीय कन्या महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. सर्वजीत दुबे ने वंदे मातरम के बारे में जानकारी देते हुए वंदे मातरम राष्ट्रगीत का सामूहिक गान करवाया। केंद्रीय संचार ब्यूरो के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने बताया कि मल्टीमीडिया प्रदर्शनी में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, कृषि, डाक, महिला अधिकारिता, ठाम विकास व पंचायती राज, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जिला अठाणी बैंक के स्टॉल लगाए गए हैं। इसके अलावा प्रदर्शनी में एलईडी स्क्रीन, एलईडी टीवी आदि अत्याधुनिक माध्यमों से शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इस मल्टीमीडिया प्रदर्शनी में वंदे मातरम गीत, प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ठाम अभियान, ज्ञान भारतम् मिशन, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना, प्रधानमंत्री जनधन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला 2.0, सर्वदा शक्तिशाली, प्रधानमंत्री फसल बीमा, सहकारिता समितियों के वित्तीय सुधार, भारत में श्रम कानून, अमृत योजना 2.0, अमृत भारत स्टेशन, राष्ट्र प्रथम, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना सहित केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं पर आधारित पैनल लगाए गए हैं।

विषैले रसायनों का प्रयोग आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड : डॉ. बेदी

बांसवाड़ा(निसं)। कृषि उत्पादन बढ़ाने की होड़ में कृषक विषैले रसायनों का अंधाधुन उपयोग कर रहा है जिससे आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। कृषि उत्पाद बढ़ाने के लिये जिन विषैले खतरनाक रसायनों का प्रयोग किया जा रहा है वह कैंसर, किडनी, लीवर, श्वसन संबंधित एलर्जी, चर्म रोग जैसी खतरनाक बीमारियों को जन्म देते हैं जो चिंतनीय है। यह मानना है ऑर्गेनिक फार्मिंग के लंबे समय से पक्षधर रहे डॉ. बेदी का। उन्होंने बताया कि किसानों को केवल उत्पादन बढ़ाने की ओर ही ध्यान न देकर आमजन के स्वास्थ्य के प्रति भी ध्यान देना चाहिए वहीं मीडिया को भी इस संबंध में जागृति अभियान चलाते हुए दुष्परिणामों से जन-जन को अवगत कराना चाहिए। साथ ही ऑर्गेनिक फार्मिंग के लिये भी प्रेरित करना चाहिए। कृषि वैज्ञानिक ऑर्गेनिक फार्मिंग विशेषज्ञ डॉ. बेदी ने भारत व राज्य सरकार से ऑर्गेनिक फार्मिंग करने वाले किसानों को उनके उत्पादन का एमएसपी स्पेशल बोनस के साथ देने तथा किसानों को प्रमोट करने के लिए राज्य सरकार द्वारा ऑर्गेनिक फार्मर्स को राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करने का भी सुझाव दिया जिससे अन्य किसान प्रेरित होकर ऑर्गेनिक फार्मिंग की ओर ध्यान आकर्षित कर सके व ऑर्गेनिक फार्मिंग अपनाकरकृषि उत्पादन बढ़ाकर आमजन का कल्याण कर सकें। डॉ. बेदी ने बताया कि सोयल प्रबंधन भी कृषि उत्पादन बढ़ाने में अपनी विशेष रोल अदा करता है जिससे कृषि उत्पादन में चमत्कारिक रूप से बढ़ोतरी होगी जो आमजन के लिए महत्वपूर्ण व स्वास्थ्यवर्धक है।

शिक्षक संघ अंबेडकर ने संयुक्त निदेशक को दिया मांग पत्र

■ संभागीय अध्यक्ष वालजी अड, संभाग महामंत्री ओमप्रकाश मेघवाल के सानिध्य में संघ ने विभिन्न समस्याओं पर चर्चा भी की

बांसवाड़ा(निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश संरक्षक एवं सलाहकार सुरेश कुमार देशबंधु के नेतृत्व में संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा उदयपुर संभाग के अतिरिक्त जिला शिक्षाधिकारी का मेवाड़ी पगड़ी पहना व ऊपरना ओढ़ा कर स्वागत किया। संभागीय अध्यक्ष वालजी अड, संभाग महामंत्री ओमप्रकाश मेघवाल के सानिध्य में संघ ने विभिन्न समस्याओं पर चर्चा भी की। जिला महामंत्री मणिलाल यादव ने बताया कि ज्ञापन में रोस्टर रजिस्टर संधारण कर बैकलॉग भरने, सभी वर्ग कि डीपीसी समय पर कराने, बकाया एसीपी प्रकरण पूरे कराने और कुछ समय पूर्व पीडी हेड के कार्मिकों का पेमैनेजर अपडेट नहीं होने से एसीपी, एरियर, डीए एरियर, पीएल सरेंडर का ऑपशन पे मैनेजर पर नहीं होने पर शीघ्र समाधान कराने के साथ ही सभी विद्यालयों में महापुरुषों की तस्वीर अनिवार्य रूप से लगवाने, महंगाई के दौर में सभी वर्ग के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति बढ़ाने एवं समय पर छात्रवृत्ति, विगत कई महीनों से बकाया मिड डे मील की राशि खाते में तत्काल डलवाने की मांग करते हुए सहायक निदेशक चंद्रकुमार जावरिया, अतिरिक्त जिला शिक्षाधिकारी ललित कुमार बुनकर, संस्थापन अधिकारी हरिशचंद्र पालीवाल को ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान प्रदेश शिक्षक नेता सुरेश कुमार देशबंधु, संभाग अध्यक्ष वालजी अड, संभाग महामंत्री ओमप्रकाश मेघवाल, जिला महामंत्री मणिलाल यादव, ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश कुमार चरपोटा, शांतिलाल निनामा, ब्लॉक अध्यक्ष रामलाल मईडा, प्रभुलाल सिंघाड़ा आदि कार्यकारणी के शिक्षक सदस्य मौजूद रहे।

केलवा क्षेत्र में सर्विस रोड के गढ्डों से बढ़ी वाहन चालकों की मुसीबतें

■ मरम्मत के अभाव में हर दिन बढ़ रहा हादसों का खतरा

राजसमंद (निसं)। केलवा क्षेत्र में फोरलेन के सर्विस रोड पर बने गहरे गड्ढों ने वाहन चालकों की परेशानी को कई गुना बढ़ा दिया है। सड़क के कई हिस्सों पर 2 से 4 फीट तक गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिनमें से अधिकांश रात के समय नजर भी नहीं आते। ऐसे में खासतौर पर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह रास्ता किसी जानलेवा चुनौती से कम नहीं रहा। स्थानीय लोग लगातार इस समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन शिकायतों के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है।

गहरे गड्ढों से हर दिन बढ़ रहा खतरा: सर्विस रोड से गुजरने वाले दुपहिया वाहन चालकों के लिए ये गड्ढे गंभीर खतरा बन चुके हैं। कई बाइक सवार अचानक गड्ढे में चक्का फंसने या संतुलन बिगड़ने से सड़क पर गिर चुके हैं। कई मामलों में तेज रफ्तार में आते वाहन चालक गड्ढे को देखकर अचानक ब्रेक लगाते हैं, जिससे पीछे से आने वाले वाहनों से टकराने का खतरा बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले कुछ महीनों में छोटे-बड़े कई हादसे इसी वजह से हो चुके हैं।

रात के समय सबसे अधिक परेशानी: रात के समय इन गड्ढों का खतरा और भी बढ़ जाता है। अपर्याप्त स्ट्रीट लाइट और सर्विस रोड की खराब स्थिति के कारण गहरे गड्ढे साफ दिखाई नहीं देते। अंधेरे में वाहन चालक जैसे ही गड्ढे के पास पहुंचते हैं, अचानक मोड़ने या ब्रेक लगाने की कोशिश करते हैं और इसी दौरान वाहन अनियंत्रित हो जाता है। कई बार सामने से आ रहे वाहन टकराव की नौबत भी बन जाती है।

टोल कंपनी को कई बार शिकायत, फिर भी मरम्मत नहीं: ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार टोल कंपनी और संबंधित विभागों को सर्विस रोड की बदहाल स्थिति के बारे में शिकायत की है। लेकिन अब तक न तो गड्ढों को भरा गया और न ही सड़क की मरम्मत के लिए कोई ठोस कदम उठाया गया। लोगों का कहना है कि टोल वसूली नियमित रूप से की जाती है, लेकिन सड़क की देखरेख और मरम्मत पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि टोल कंपनी के कर्मचारी केवल औपचारिक जवाब देकर टालमटोल कर देते हैं, जबकि रास्ते की स्थिति दिन-प्रतिदिन खतरनाक होती जा रही है।

दुपहिया वाहन चालकों के लिए सबसे कठिन रास्ता: दुपहिया वाहन चालक इस सर्विस रोड को गुजरने से पहले कई बार डरते हैं। गहरे गड्ढों में चक्का फंसने से वाहन पलटने का खतरा सबसे अधिक रहता है। कई लोगों के घुटने, हाथ और कंधे तक चोटिल हो चुके हैं। क्षेत्र के युवाओं और दैनिक यात्रियों का कहना है कि यह मार्ग उनकी रोजमर्रा की जरूरत है, इसलिए इससे बचकर निकलना संभव नहीं है।

प्रशासन और से त्वरित कार्रवाई की मांग: ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, अधिकारियों और टोल कंपनी से जल्द से जल्द गड्ढों को भरने और सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। भारी वाहनों के लगातार गुजरने से गड्ढे और भी गहरे होते जा रहे हैं, जिससे सड़क टूटकर खतरनाक रूप ले चुकी है

उम्मीद: जल्द सुधरेगी सड़क, घटेगी परेशानी: स्थानीय निवासियों का मानना है कि प्रशासन द्वारा त्वरित कदम उठाने से ही इस समस्या का समाधान संभव है। जब तक सड़क की मरम्मत नहीं हो जाती, तब तक दुपहिया वाहन चालकों की जिंदगी जोखिम में बनी रहेगी। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि जिम्मेदार विभाग जल्द ही सड़क को सुधारकर लोगों को सुरक्षित और सुगम मार्ग उपलब्ध कराएगा।

कार्यालय नगर परिषद, राजसमन्द जिला राजसमन्द

क्रमांक :- नपरा/राजस्व/2027-26/4076 दिनांक: 04.12.25

-: आपत्ति सूचना पत्र :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती ज्योति जैन पत्नी श्री अभय जैन निवासी महात्मा गली, दाणी चबूतरा, राजनगर तहसील एवं जिला राजसमन्द द्वारा पैत्रक/खरीदशुदा से प्राप्तशुदा आवासीय पट्टेशुदा भूखण्ड/मकान जो स्थान राजस्व ग्राम राजनगर में जिसका पट्टा क्रमांक 96 दिनांक 01.12.2021 को जारी हुआ जिसके भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 896.50 वर्गफीट का पट्टा जारी किया गया था। उक्त भूखण्ड में से क्रयशुदा/प्राप्तशुदा पट्टे के भूखण्ड/मकान का जिसका कुल क्षेत्रफल 896.50 वर्गफीट का उपविभाजन/एकीकरण/नामान्तरण चाहा गया है, जिसका पड़ौस निम्नानुसार है :-

पूर्व	:-	12'05" व 12'1.5"	पडौस	:-	श्री दुग्गड़ की दुकान
पश्चिम	:-	12'9.5" व 07'06"	पडौस	:-	आम रास्ता 12'06" व 11'02" फीट चौड़ा
उत्तर	:-	34'01" व 26'09"	पडौस	:-	गली 07'04" व 09'06" फीट चौड़ी
दक्षिण	:-	38'05" व 22'05"	पडौस	:-	श्री फूलचंद मादरेचा का मकान व सम्पतलाल महात्मा का मकान

उपरोक्त आवेदित भूखण्ड/भवन का उपविभाजन/एकीकरण/नामान्तरण जारी करने में यदि किसी हितधारी को कोई आपत्ति हो, तो आपत्ति सुचना प्रकाशित होने के 07 दिवस में अपनी सहमती लिखित में मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। बाद मयाद कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

आयुक्त नगर परिषद राजसमन्द

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-उदयपुर

पत्र क्रमांक : उप आ.आ./वृत-उदय/2025-26/866 दिनांक 04.12.2025

जाहिर आम सूचना (दोहरा रजिस्ट्री नामान्तरण)

आवास संख्या S-2/308 आयवर्ग EWS माप 30.93 वर्गमीटर योजना सविना-द्वितीय आवासीय योजना शहर उदयपुर द्वारा श्रीमती रेखा शर्मा पत्नी श्री जवाहर शर्मा को आवंटन पत्रांक 4869 दिनांक 07.03.2005 द्वारा आवास का आवंटन कर दिनांक 28.03.2005 को भौतिक कब्जा दिया गया। उक्त आवास का अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 77 दिनांक 18.04.2016 द्वारा श्रीमती रेखा शर्मा पत्नी श्री जवाहर शर्मा को जारी किया गया। उक्त आवास का प्रथम पंजीयन दिनांक 29.04.2016 को श्रीमती रेखा शर्मा पत्नी श्री जवाहर शर्मा द्वारा अपने पक्ष करवाया गया।

पंजीयन उपरांत श्रीमती रेखा शर्मा पत्नी श्री जवाहर शर्मा ने उक्त आवास का विक्रय पत्र (पंजीकृत) दिनांक 09.06.2021 द्वारा श्रीमती गीता देवी लबाना पत्नी श्री दिनेश कुमार लबाना को वैचान किया गया। इस कार्यालय के पत्रांक 782 दिनांक 06.12.2021 द्वारा श्रीमती गीता देवी लबाना पत्नी श्री दिनेश कुमार लबाना को नाम हस्तान्तरण कार्यालय आदेश जारी किया गया। तत्पश्चात श्रीमती गीता देवी लबाना पत्नी श्री दिनेश कुमार लबाना ने उक्त आवास का विक्रय पत्र (पंजीकृत) दिनांक 17.10.2025 द्वारा हेमलता मेघवाल पुत्री श्री भूरीलाल मेघवाल को बैचान किया गया। हेमलता मेघवाल पुत्री श्री भूरीलाल मेघवाल ने इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर उक्त आवास को विक्रय पत्र (पंजीकृत) के आधार पर अपने नाम मण्डल